बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-76
**23/01/2023**

# मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर उन्हें नमन किया

पटना, 23 जनवरी 2023 :– नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्र ने उन्हें नमन किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पटना में राजकीय जयंती समारोह का आयोजन गॉधी मैदान के दक्षिणी पूर्वी कोने पर अवस्थित सुभाष पार्क में किया गया, जहॉ राज्यपाल श्री फागू चौहान एवं मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

जयंती समारोह के अवसर पर भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, विधान पार्षद श्री रवीन्द्र सिंह, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी श्री मनीष कुमार वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

राज्यपाल श्री फागू चौहान ने संयुक्त सशस्त्र बल की सलामी ली साथ ही एन0सी0सी0 कैडेट एवं स्काउट गाइड के परेड का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन, भजन, कीर्तन, बिहार गीत एवं देशभक्ति गीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

कार्यक्रम के पश्चात् पत्रकारों से बात करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस जी को लोग हमेशा याद करते है। उनके प्रति लोगों की भावना जुड़ी है। आज के दिन उनकी जयंती पर हमलोग यहां आकर उन्हें नमन करते हैं। बचपन से ही उनके बारे में जानकारी मिलती रही है। देश की आजादी के लिए यहां आकर भी जगह–जगह पर लोगों को प्रेरित कर रहे थे। अंग्रेजों से देश को मुक्त कराने के लिए वे लोगों को प्रेरित करते रहे। देश उन्हें हमेशा याद करता है। नई पीढ़ी के लोग भी इन सब चीजों को याद रखेंगे। 23 जनवरी को उनकी जयंती को अच्छे ढंग से मनाया जाता है।

जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष श्री उपेन्द्र कुशवाहा के बयान से संबंधित प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके बारे में आप उन्हीं से पूछ लीजिये। इन सब चीजों के बारे में हम नहीं जानते हैं।

******